राष्ट्रीय संस्करण

# दैनिक जागरण

वर्ष 3 अंक 251

मूल्य ₹6.00, नई दिल्ली, सोमवार, 17 फरवरी 2020

www.jagran.com

पृष्ठ 16



ऑस्ट्रेलिया में डे-नाइट टेस्ट मैच खेलेगा भारत : गांगुली

>>14

## सरोकार


### 50 साल पानी को तरसे, अब बूंदभर भी बेकार नहीं करते



**भोपाल** : जल संरक्षण के लिए संकल्पित होना मप्र के सतपिपलिया गांव के लोगों से सीखा जा सकता है। 50 साल तक पानी को तरसे लोगों ने बूंदभर जल भी बेकार करने से तौबा कर ली है। पहले लोग डेढ़-दो किमी दूर से बैलगाड़ी से पानी लाते थे। (पेज-11)

## जागरण विशेष

### मूक-बधिर लोगों के मन की बात बताएंगे जादुई दस्ताने



**चंडीगढ़** : मूक-बधिर लोगों की आवाज बनेंगे अब उनके हाथ के दस्ताने। जी हां, चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के इंजीनियरिंग स्टूडेंट सार्थक ने मैजिकल ग्लव्स तैयार किया है, जो आसानी से आम लोगों को मूक बधिर लोगों की बात समझा सकेंगे। (पेज-11)

### नेताओं की रिहाई की शर्त पर चुनाव में उतरने को तैयार नेकां

**जम्मू** : जम्मू-कश्मीर में होने वाले पंचायत उपचुनाव में नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) भी उतरने को तैयार है। हालांकि पार्टी की शर्त है कि उसके नेताओं को रिहा किया जाए। नेकां का कहना है कि चुनावी तैयारियों को तेजी देने के लिए नेताओं को रिहा किया जाना चाहिए। इस बार जम्मू-कश्मीर में पंचायत चुनावों में पार्टियां अपने चुनाव चिह्न पर प्रत्याशी उतार सकेंगी। बीते 70 वर्षों में यह पहला मौका होगा, जब पंचायत चुनावों में उम्मीदवार अपनी पार्टी के चुनाव चिह्न के साथ मतदाताओं के पास जाएंगे। राज्य में रिक्त पड़े 1011 सरपंच और 11639 पंच पदों पर होने वाले चुनाव पांच मार्च से होंगे। (पेज-6)

# सीएए-370 पर न दबाव माना, न मानेंगे : मोदी

**अडिग रुख** ▶ कहा, देशहित में जरूरी था अनुच्छेद 370 हटाना और नागरिकता संशोधन कानून, पुनर्विचार का सवाल नहीं

### वाराणसी में जंगमबाड़ी मठ के गुरुकुल शतमानोत्सव में शामिल हुए प्रधानमंत्री

**शाश्वत मिश्रा, वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विभिन्न हिस्सों में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शन पर पूरी तरह हमलावर दिखे। साथ ही फैसले पर अडिग भी। उन्होंने कहा, अनुच्छेद-370 का फैसला हो या सीएए, दोनों देशहित में जरूरी थे, इन पर पुनर्विचार का सवाल ही पैदा नहीं होता है। इन फैसलों के लिए देश के लोगों ने वर्षों इंतजार किया। दुनियाभर के सारे दबाव के बावजूद, इन फैसलों पर हम कायम रहे और रहेंगे।

मोदी रविवार को वाराणसी मंडल के चंदौली में पं.दीनदयाल स्मृति स्थल पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर राम मंदिर ट्रस्ट का जिक्र किया और विश्वास दिलाया कि मंदिर निर्माण को लेकर ट्रस्ट तेजी से काम करेगा।



वाराणसी के जंगमबाड़ी मठ में वीर शैव महाकुंभ के मौके पर लोगों को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। एएनआइ

देशभर में सीएए विरोधी प्रदर्शनों के बीच पीएम का यह बयान काफी अहम माना जा रहा है। बता दें सीएए पूरे देश में 10 जनवरी से लागू हो चुका है। वहीं पिछले साल 5 अगस्त को केंद्र ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने की घोषणा की थी और 31 अक्टूबर को इसे कानूनी जामा पहना दिया था।

**तेलुगु, मराठी और कन्नड़ में किया संवाद** : इससे पहले वाराणसी पहुंचने पर मोदी सीधे जंगमबाड़ी मठ पहुंचे और पूजा-अर्चना के बाद श्री जगद्गुरु विश्वराध्य गुरुकुल के शताब्दी कार्यक्रम के समापन समारोह में शामिल हुए। 19 भाषाओं में अनुवादित श्री सिद्धांत शिखामणि ग्रंथ का विमोचन किया और मोबाइल एप भी लांच किया। प्रधानमंत्री ने यहां कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु से आए लोगों और संतों को संबोधित करते हुए तेलुगु, मराठी, कन्नड़ और हिंदी में अपनी बात रखी।

**संस्कृति और संस्कारों से सृजित होता है राष्ट्र** : मोदी ने कहा, भारत में राष्ट्र का यह अर्थ कभी नहीं रहा कि किसने कहां जीत हासिल की, किसकी हार हुई। हमारे यहां राष्ट्र सत्ता से नहीं, संस्कृति और संस्कारों से सृजित हुआ है और यहां रहने वालों के सामर्थ्य से बना है।

पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का किया अनावरण पेज>>4

### अराजक तत्वों से निपटने में संयम बरते पुलिस : शाह

**नई दिल्ली** : केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को 73वें स्थापना दिवस पर दिल्ली पुलिस की जमकर सराहना की। साथ ही सलाह भी दी कि अराजक तत्वों से निपटने में संयम बरते। शाह ने कहा, जब आप पीछे देखते हैं तो पता लगता है कि दिल्ली पुलिस न सिर्फ देश में बल्कि पूरे विश्व में सबसे अच्छे पुलिस बलों में से एक है। गर्व महसूस करना चाहिए कि इसकी नींव सरदार वल्लभ भाई पटेल ने रखी थी। नई पुलिस लाइन किंग्सवे कैंप ग्राउंड में आयोजित समारोह में शाह ने 42 पुलिसकर्मियों को शौर्य पदक, राष्ट्रपति पदक और पुलिस पदक से सम्मानित किया और दंगा निरोधी दस्ते, महिला पुलिस समेत विभिन्न टुकड़ियों के साथ परेड का निरीक्षण किया। (पेज-5)

## केजरीवाल ने ली सीएम पद की शपथ, दिल्ली के विकास के लिए मांगा पीएम का आशीर्वाद

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में 70 में से 62 सीटों पर जीत दर्ज करने वाली आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने लगातार तीसरी बार दिल्ली की कमान संभाल ली। ऐतिहासिक रामलीला मैदान में रविवार को उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों ने नई तरह की राजनीतिक को जन्म दिया है। यही राजनीति 21वीं सदी के भारत का निर्माण करेगी। दिल्ली को नंबर वन राज्य बनाने के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहता हूं। प्रधानमंत्री का आशीर्वाद चाहता हूं। केजरीवाल के साथ पिछले मंत्रिमंडल सहयोगियों मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और राजेंद्र पाल गौतम ने मंत्री पद की शपथ ली।

सभी के साथ मिलकर करेंगे दिल्ली का तेजी से विकास पेज>>2

▶ खचाखच भरे रामलीला मैदान में तीसरी बार ली सीएम पद की शपथ

▶ सिसोदिया, सत्येंद्र, राय, गहलोत, इमरान व गौतम फिर बने मंत्री

मैंने प्रधानमंत्री को भी न्योता भेजा था। वह शायद किसी कार्यक्रम में व्यस्त हैं, नहीं आ पाए। मैं प्रधानमंत्री से अनुरोध करता हूं कि दिल्ली को आगे ले जाने और संपूर्ण विकास करने के लिए उनका भी आशीर्वाद चाहता हूं।
-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद का शपथ लेने के लिए मैं बधाई देता हूं। उनके सफल कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के बाद उपस्थित लोगो का अभिवादन करते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया (दाएं)। सौजन्य दिल्ली सरकार

### पाक के लिए जासूसी के आरोप में 11 नौसैनिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली** : पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में 11 नौसैनिकों को गिरफ्तार किया गया है। दो नागरिक भी पकड़े गए हैं। सोशल मीडिया के जरिए ये पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों को नौसेना से संबंधित संवेदनशील सूचनाएं लीक करते थे। पाक के एजेंटों ने इन्हें हनी ट्रैप में फंसा रखा था। नौसेना के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध लोगों के साथ संपर्क रखने वाले कई नौसैनिकों के सोशल मीडिया प्रोफाइल को खंगाला जा रहा है। (पेज-6)

### गुतेरस का भारत-पाक के बीच तनाव कम करने पर जोर

**इस्लामाबाद** : संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतेरस ने रविवार को कहा कि भारत व पाक के लिए सैन्य और जुबानी तनाव करना और अत्यधिक संयम बनाए रखना अहम है। उन्होंने पाकिस्तान की चार दिन की यात्रा शुरू करते हुए यह बात कही। पाक के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी के साथ बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में गुतेरस ने कहा, वह नियंत्रण रेखा पर तनाव को लेकर चिंतित हैं। कूटनीति और वार्ता के जरिए ही दोनों देशों के बीच शांति व स्थिरता कायम हो सकती है। (पेज-13)

## एफएटीएफ की बैठक शुरू, पाक पर और सख्ती की संभावना

**पेरिस, एएनआइ** : दुनिया भर में आतंकवादियों को आर्थिक मदद रोकने के लिए काम करने वाली संस्था फाइनेंसिएल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की अहम बैठक फ्रांस की राजधानी पेरिस में रविवार को शुरू हुई। इस बैठक में पाकिस्तान को आतंकी फंडिंग रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट जमा करनी है। फाइनेंसिएल एक्शन टास्क फोर्स ने पाकिस्तान को अभी निगरानी वाली 'ग्रे' सूची में रखा है। अगर सदस्यों को बैठक में पेश उसकी रिपोर्ट संतोषजनक नहीं मिलती है तो उसे काली सूची में भी डाला जा सकता है।

पाकिस्तान की तरफ से जमा कराई जाने वाली रिपोर्ट की जांच एफएटीएफ का इंटरनेशनल को-ऑपरेशन रिव्यू ग्रुप (आइसीआरजी) करेगा। एफएटीएफ ने आतंकी फंडिंग रोकने के लिए पाकिस्तान से 27 बिंदुओं पर कार्रवाई करने को कहा था। इस बैठक में यह देखा जाएगा कि क्या पाकिस्तान ने उसकी तरफ से निर्धारित बिंदुओं पर कार्रवाई की है या नहीं और की है तो किस हद तक।

▶ टेरर फंडिंग रोकने के उसके कदमों की आइसीआरजी करेगा जांच

दुनिया भर के 205 देशों समेत विभिन्न संस्थाओं के 800 से ज्यादा प्रतिनिधि फाइनेंसिएल एक्शन टास्क फोर्स की इस बैठक में शामिल हो रहे हैं। इनमें अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ), संयुक्त राष्ट्र (यूएन), विश्व बैंक और अन्य संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि एफएटीएफ ने 2018 में पाकिस्तान को ग्रे सूची में रखा था। एफएटीएफ की पिछली बैठक में यह पाया गया था कि पाकिस्तान ने सिर्फ सात बिंदुओं पर ही कुछ कार्रवाई की है। इसके बाद संस्था ने उसे इस साल फरवरी तक का वक्त देते हुए शेष 22 बिंदुओं पर कार्रवाई करने को कहा था। हालांकि पाकिस्तान ने दुनिया को दिखाने और किसी कार्रवाई से बचने के लिए हाल के दिनों में आतंकियों पर कुछ कार्रवाई की है।

आतंकियों पर कार्रवाई का दिखावा कर रहा पाकिस्तान पेज>>3

FOUR DAYS OF LARGEST CLASSROOM OF DEMOCRACY FOR YOUTH

An Initiative by
MIT-SOG MIT School of Government
Kindling the flame of Democratic Leadership...
Since 2005 I Pune

Supported by
Union Ministry of Youth Affairs & Sports, Govt. of India
Ministry of Higher & Technical Education, Govt. of Maharashtra
Ministry of Sports & Youth Welfare Govt. of Maharashtra
UNESCO Chair for Human Rights, Democracy, Peace & Tolerance World Peace Centre (Alandi) Pune, India



१०वी भारतीय छात्र संसद
राज्य तन्त्रायतम् नीति शास्त्रम्
INDIAN STUDENT PARLIAMENT

20th, 21st, 22nd & 23rd February 2020
Vigyan Bhawan, New Delhi

REGISTER NOW
bharatiyachhatrasansad.org
8888815421-22-23

MIT-WPU Since 1983

556 AM/02-20/72/E-21-21

**Inaugural Ceremony 20th FEB 2020**
Shri. Sharad Pawar (President of NCP)
Shri. Devendra Fadnavis (BJP)
Shri. Shivraj Patil (INC)
Shri. Kailash Satyarthi (Social Activist)
Shri. Niladri Kumar (Music)
Dr. Vijay P. Bhatkar (Scientist)
Dr. R. A. Mashelkar (Scientist)

**Day1: Thur, 20th FEBRUARY 2020**
**Session 1: Learn Before You Lean - Following Social Media & Celebrities**
Shri. Pocharam S. Reddy (TRS)- Vidhan Sabha Speaker
Shri. Temjen Imna Along (BJP)- State Edu. Minister
Main Speakers:
Smt. Smriti Irani (BJP)- Union Minister
Shri. Shekhar Gupta (Journalism)
Shri. Pawan Kalyan (Film & Politics-JSP)
Shri. Digvijay Singh Chautala (JJP)
Dr. Pankaj Mittal (Education)
Prof. Dr. Abhishek Mishra (SP)
Mr. Jim Cloos (Europen Union)
H.H. Morari Bapu (Spiritual)
Prof. Dr. G. R. C. Reddy (Education)
**Special Session : Leaping to 5 Trillion Economy : Chances, Challenges & Opportunities for Youth**
Main Speakers:
Shri. Nitin Gadkari (BJP)- Union Minister
Shri. Vijay Darda (Journalism)

**Day 2: Fri, 21st FEBRUARY 2020**
**Session 2: Caste to Class or Class to Caste: Where are we really moving?**
Shri. Rajesh Patnekar (BJP)- Vidhan Sabha Speaker
Shri. Kanwar Pal (BJP)- State Edu. Minister
Main Speakers:
Shri. Prahlad Singh Patel (BJP)- Union Minister
Shri. Arjun Ram Meghwal (BJP)- Union Minister
Shri. Dushyant Singh Chautala (President of JJP)
Shri. Prakash Karat (CPI-M)
Adv. Randeep Singh Surjewala (INC)
Shri. Shiv Khera (Motivational)
Dr. Fr. Abraham V. Mani (Education)
**Special Session : Leadership and Governance Reforms**
Shri. Jyotiraditya Scindia (INC)
**Session 3: Combating Terrorism, Insurgency & Naxalism: Causes & Challenges**
Dr. Surjya Narayana Patro (BJD)- Vidhan Sabha Speaker
Shri. Uday Samant (Shiv Sena)- State Edu. Minister
Main Speakers:
Shri. Rajnath Singh (BJP)- Union Minister
Shri. Arif Mohammad Khan
Col. (Retd.) Rajyavardhan Rathore (BJP)
Sister BK Shivani (Spiritual)
Shree Hita Ambrish (Spiritual)
Dr. N. T. Rao (Education)
Rajyogini Dr. Binny Sareen (Spiritual)
**Session 4: Leaping to 5 Trillion Economy : Chances & Challenges**
Shri. Nana Patole (INC)- Vidhan Sabha Speaker
Shri. K. T. Jaleel (CPI-M)- State Edu. Minister
Main Speakers:
Shri. Anurag Singh Thakur (BJP)- Union Minister
Smt. Naina Lal Kidwai (Industry)
Prof. Dr. Nageshwar Rao (Education)

**Day3: Sat, 22nd FEBRUARY 2020**
**Session 5: A Billion & Still Growing : Has Hum 2 - Hamare 2 Worked?**
Shri. Tammineni Sitaram (YSRCP)- Vidhan Sabha Speaker
Shri. Thokchom Radheshyam Singh (BJP)- State Edu. Minister
Main Speakers:
H. H. Swami Ramdevji Maharaj (Spiritual)
Shri. Rajesh Tope (NCP)
Shri. Kamlesh D. Patel (Daaji) (Spiritual)
Ms. Argentina Matavel Piccin (International)
Acharya Dr. Lokesh Muni (Spiritual)
Dr. Syed Kalbe R. Rizvi (Motivational)
Prof. Dr. N. K. Ahuja (Education)
**Session 6: Can Young India Rise to Zero Hunger, Zero Poverty by 2030?**
Dr. C. P. Joshi (INC)- Vidhan Sabha Speaker
Shri. Manish Sisodia (AAP)- UT Edu. Minister
Main Speakers:
Shri. Mukhtar Abbas Naqvi (BJP)- Union Minister
Shri. Aaditya Thackeray (Shiv Sena)
Shri. Jitendra Singh (INC)
Shri. Konda Vishweshwar Reddy (Industry)
Shri. Panthdeep Singh (Politics)
Shri. Sreenivas Jarupula (Politics)
Dr. S. S. Mantha (Education)
**Session 7: India & Emerging World Order**
Adv. Hitendra Nath Goswami (BJP)- Vidhan Sabha Speaker
Adv. Suresh Bhardwaj (BJP)- State Edu. Minister
Main Speakers:
Dr. Ramesh Pokhriyal 'Nishank' (BJP)- Union Minister
Shri. Ram Madhav (BJP)
His Holiness Sri. Sri. Ravishankar (Spiritual)
Ms. Zamzam Ibrahim (International)
Shri. Arnab Goswami (Journalism)
Prof. Dr. Manoj K. Arora (Education)

**Day 4: Sun, 23rd FEBRUARY 2020**
**Session 8: India in the Mirror : A Timeline of 7 Decades**
Shri. Rabindra Nath Mahato (JJM)- Vidhan Sabha Speaker
Dr. Dinesh Sharma (BJP)- State Edu. Minister
Main Speakers:
Shri. Kapil Sibal (INC)
Smt. Shobhana Bhartia (Media)
Dr. Sudhanshu Trivedi (BJP)
Adv. Dr. Lalit Bhasin (Law)
Dr. Ashok P. Hinduja (Industry)
Shri. Prakash P. Hinduja (Industry)
Prof. Dr. Sandeep Sancheti (Education)
Prof. Dr. Aditya Shastri (Education)


**Valedictory Ceremony 23rd FEB 2020**
Dr. Karan Singh (INC)
Justice (Retd.) N. Santosh Hegde (Law)
Kunwar Natwar Singh
Shri. Rajdeep Sardesai (Journalism)

INAUGURAL CEREMONY Chief Guest



Shri. M. Venkaiah Naidu
Hon'ble Vice President of India

VALEDICTORY CEREMONY Chief Guest



Bharat Ratna
Dr. Pranab Mukherjee
Hon'ble Former President of India

Champions of Parliamentary Practice & Promotion of Democracy
• SPECIAL FELICITATION •
Ideal Speaker Award
Shri. P. Sreeramakrishnan
Speaker, Kerala State Legislative Assembly
Ideal Chief Minister Award
Capt. Amarinder Singh
Chief Minister, Punjab, India

• SUPPORT •
Shri. Kiren Rijiju
Minister Youth Affairs and Sports, Govt. of India
• MENTORED BY •
Dr. R. A. Mashelkar
Padma Vibhushan, Eminent Scientist
Prof. Dr. Vishwanath D. Karad
Founder President, MIT-WPU
• ENVISAGED BY •
Rahul V. Karad
Founder, BCS

सभी राजनेता भ्रष्ट नहीं होते, राजनीति में बहोत सारे अच्छे लोग है और पहले भी रहे हैं, लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए और राजनीति का सम्मान बनाए रखने के लिए, पढ़े लिखे शिक्षित युवाओं को राजनीति में आना चाहिए
-राहुल वि. कराड

IDEAL YOUNG MLA AWARDS BY THE HANDS OF VIDHAN SABHA SPEAKERS
Dr. Sangeeta Balwant, Uttar Pradesh (BJP) I Sushree Shakuntala Sahu, Chhattisgarh (INC) I Shri. K. S. Sabarinadhan, Kerala (INC) I Shri. Nyamar Karbak, Arunachal Pradesh (BJP) I Shri. Uday Samant, Maharashtra (Shiv Sena) I Smt. Baljinder Kaur, Punjab (Aam Aadmi Party) I Shri. K. Leishiyo, Manipur (Naga People's Front) I Dr. Ashaben D. Patel, Gujarat (BJP) I Dr. Azad Zaman, Meghalaya (INC) I Sushree Sowmya Reddy, Karnataka (INC) I Thiru M. Thamimun Ansari, Tamil Nadu (AIADMK) I Shri. Amit Kumar Mandal, Jharkhand (BJP) I Shri. Ashis Das, Tripura (BJP) I Smt. Krishna Poonia, Rajasthan (INC) Shri. Pushkar Singh Dhami, Uttarakhand (BJP) I Dr. Vanlalthlana, Mizoram (Zoram People's Movement)

The program will be Webcasted Live on bharatiyachhatrasansad.org from 9.00 am to 6.00 pm everyday

Supported By

Media Partners

*IMPACT : Since 15 years, the alumni of MIT-SOG and BCS are working with various political parties as office bearers and policy makers. Few of them have contested Lok Sabha Elections, State Assembly Elections and Elections of Local Self Government level.*